भारत सरकार
कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय
कृषि एवं किसान कल्याण विभाग
**लोक सभा**
**अतारांकित प्रश्न संख्या 2150**
20 दिसंबर, 2022 को उत्तरार्थ

**विषय: किसानों की आय बढ़ाना**

2150. श्री रघु राम कृष्ण राजू:
डॉ. डी.एन.वी. सेंथिलकुमार एस.:

क्या कृषि और किसान कल्याण मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः-

(क) सरकार द्वारा देश में किसानों की आय बढ़ाने में उनकी मदद करने के लिए की गई पहलों का ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या पीएम-किसान, पीएमएफबीवाई और पीएमकेएसवाई जैसी योजनाएं छोटे और सीमांत किसानों तक पहुंच गई हैं और उन्हें इन योजनाओं का लाभ मिला है;

(ग) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(घ) विगत तीन वर्षों में प्रत्येक वर्ष के दौरान राज्यों में किसान क्रेडिट कार्ड (केसीसी) और ब्याज सहायता योजना के माध्यम से उत्पादन ऋण प्राप्त करके कितने किसान लाभान्वित हुए हैं; और

(ङ) देश में विशेषकर तमिलनाडु में किसानों की परेशानियों को कम करने के लिए प्रस्तावित अन्य योजनाओं या स्कीमों का ब्यौरा क्या है?

**उत्तर**

कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री (श्री नरेन्द्र सिंह तोमर)

(क) से (ङ): किसानों की आय बढ़ाने की दृष्टि सरकार द्वारा किए गए प्रयासों के बहुत सकारात्मक परिणाम सामने आए हैं। सरकार ने तमिलनाडु राज्य सहित देश में किसानों के लिए उच्चतर आय प्राप्त करने के लिए कई विकासात्मक कार्यक्रमों, योजनाओं, सुधारों और नीतियों को अपनाया है। इसमें शामिल हैं:

(i) उत्पादन लागत पर लाभ मार्जिन का न्यूनतम 50 प्रतिशत सुनिश्चित करते हुए सभी खरीफ और रबी फसलों के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) में वृद्धि,

(ii) पीएम-किसान के तहत पूरक आय अंतरण,

(iii) प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना (पीएमएफबीवाई) के तहत फसल बीमा,

(iv) प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना (पीएमकेएसवाई) के तहत सिंचाई तक बेहतर पहुंच,

(v) 100,000 करोड़ रुपये के कृषि अवसंरचना कोष (एआईएफ) के माध्यम से अवसंरचना निर्माण पर विशेष ध्यान।

(vi) एफसीआई प्रचालनों के अलावा पीएम-आशा के तहत नई खरीद नीति,

(vii) किसान क्रेडिट कार्ड (केसीसी) से कृषि फसलों के अलावा डेयरी और मत्स्य पालन करने वाले किसानों को भी उत्पादन ऋण प्रदान किया जाता है,

(viii) 10,000 एफपीओ का गठन और संवर्धन,

(ix) राष्ट्रीय सतत कृषि मिशन (एनएमएसए), जिसका उद्देश्य भारतीय कृषि को बदलती जलवायु के प्रति अधिक अनुकूल बनाने के लिए कार्यनीतियों को विकसित और क्रियान्वित करना है।

(x) कृषि में ड्रोन प्रौद्योगिकियों को अपनाना जिसमें भारतीय कृषि में क्रांति लाने की क्षमता है।

(xi) मधुमक्खी पालन, राष्ट्रीय गोकुल मिशन, नीली क्रांति, ब्याज छूट योजना, कृषि-वानिकी, पुनर्गठित बांस मिशन, नई पीढ़ी के पनधारा दिशानिर्देशों के कार्यान्वयन के तहत मिलने वाले लाभ, आदि।

(xii) कृषि मूल्य श्रृंखला के सभी चरणों में डिजिटल प्रौद्योगिकी के अनुप्रयोग पर ध्यान देना।

(xiii) आदान लागत को कम करने के लिए किसानों को किफायती मूल्य पर उर्वरक की आपूर्ति।

प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि (पीएम-किसान) योजना का उद्देश्य देश भर में कृषि योग्य भूमिधारक किसान परिवारों को कुछ अपवर्जन मानदंडों के अध्यधीन वित्तीय सहायता प्रदान करना है, ताकि उन्हें कृषि और संबद्ध कार्यकलापों के साथ-साथ घरेलू जरूरतों की पूर्ति के लिए व्यय वहन करने में सक्षम बनाया जा सके। दिनांक 30.11.2022 तक योजना का लाभ 11 करोड़ से अधिक छोटे और सीमांत किसानों तक पहुंच चुका है।

प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना (पीएमएफबीवाई) राज्यों के साथ-साथ छोटे और सीमांत किसानों सहित सभी किसानों के लिए स्वैच्छिक योजना है। फसल बीमा किसानों द्वारा बीमा कंपनी को स्वीकार्य प्रीमियम के भुगतान पर प्राकृतिक आपदा/प्रतिकूल मौसम की स्थिति में उनकी फसल के नुकसान का बीमा करने का एक वित्तीय साधन है। खरीफ 2016 में योजना की शुरुआत से लेकर रबी 2021-22 सीजन तक (30.11.2022 तक उपलब्ध आंकड़ों के अनुसार), 13,46,953 करोड़ रुपये की बीमित राशि के लिए संचयी 4,369.8 लाख किसान आवेदन दर्ज किए गए हैं। किसानों के 25,628 करोड़ रुपये के प्रीमियम की तुलना में कुल 1,31,840 करोड़ रुपये के दावों की सूचना दी गई है और लगभग 1240 लाख आवेदक किसानों को 1,29,390 करोड़ रुपये का भुगतान किया जा चुका है।

प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना (पीएमकेएसवाई) के संबंध में, 'प्रति बूंद अधिक फसल' स्कीम का उद्देश्य ड्रिप और स्प्रिंकलर सिंचाई प्रौद्योगिकियों जैसे उपयुक्त तकनीकी कार्यकलापों को बढ़ावा देकर कृषि में जल उपयोग दक्षता को बढ़ाना है और किसानों को जल की बचत और संरक्षण प्रौद्योगिकियां का उपयोग करने के लिए प्रोत्साहित करना है जिससे न्यूनतम जल उपयोग के साथ फसल की पैदावार को अधिकतम किया जा सके और कृषि आदानों की लागत में भी कमी आए। छोटे और सीमांत किसानों सहित सूक्ष्म-सिंचाई के तहत अब तक 70.5 लाख हेक्टेयर क्षेत्र को कवर किया गया है।

पिछले तीन वर्षों के दौरान केसीसी के माध्यम से फसल ऋण और सावधि ऋण लेने वाले किसानों की संख्या **अनुबंध I, II** और **III** में दी गई है।

**लो.स.अता.प्र.सं. 2150**

**अनुबंध-I**

**संवितरण तिथि: 01/04/2019 से 31/03/2020 तक** **खातों की पूर्ण संख्या और करोड़ रुपये में धनराशि**

| क्र.सं. | राज्य/संघ राज्य क्षेत्र | कृषि ऋण संवितरण | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | फसल ऋण | | कुल सावधि ऋण | | कृषि के लिए कुल ऋण | |
| | | खातों की संख्या | धनराशि | खातों की संख्या | धनराशि | खातों की संख्या | धनराशि |
| 1 | दिल्ली | 15,583 | 754.59 | 38,226 | 20,877.92 | 53,809 | 21,632.50 |
| 2 | हरियाणा | 28,81,536 | 43,250.10 | 7,01,724 | 21,044.81 | 35,83,260 | 64,294.91 |
| 3 | हिमाचल प्रदेश | 5,42,729 | 5,666.20 | 1,36,841 | 2,104.62 | 6,79,570 | 7,770.82 |
| 4 | जम्मू और कश्मीर (लद्दाख संघ राज्य क्षेत्र सहित) | 8,76,168 | 10,929.28 | 35,888 | 2,472.27 | 9,12,056 | 13,401.55 |
| 5 | पंजाब | 29,89,280 | 57,444.44 | 7,75,381 | 23,003.60 | 37,64,661 | 80,448.05 |
| 6 | राजस्थान | 67,85,350 | 67,104.07 | 19,03,275 | 27,946.54 | 86,88,625 | 95,050.61 |
| 7 | चंडीगढ़ संघ राज्य क्षेत्र | 3,770 | 184.55 | 42,550 | 1,161.85 | 46,320 | 1,346.40 |
| | **उत्तरी क्षेत्र** | **1,40,94,416** | **1,85,333.23** | **36,33,885** | **98,611.60** | **1,77,28,301** | **2,83,944.83** |
| 8 | अरुणाचल प्रदेश | 4,623 | 27.34 | 1,187 | 83.47 | 5,810 | 110.81 |
| 9 | असम | 3,95,632 | 1,535.53 | 7,27,792 | 6,177.38 | 11,23,424 | 7,712.91 |
| 10 | मणिपुर | 4,227 | 33.06 | 19,912 | 278.69 | 24,139 | 311.75 |
| 11 | मेघालय | 28,265 | 148.52 | 6,905 | 56.89 | 35,170 | 205.41 |
| 12 | मिजोरम | 1,603 | 12.77 | 13,766 | 153.59 | 15,369 | 166.36 |
| 13 | नागालैंड | 31,737 | 104.75 | 4,702 | 172.82 | 36,439 | 277.57 |
| 14 | सिक्किम | 6,491 | 70.63 | 7,950 | 103.55 | 14,441 | 174.18 |
| 15 | त्रिपुरा | 69,787 | 202.52 | 3,02,713 | 2,647.86 | 3,72,500 | 2,850.38 |
| | **पूर्वोत्तर क्षेत्र** | **5,42,365** | **2,135.12** | **10,84,927** | **9,674.25** | **16,27,292** | **11,809.37** |
| 16 | अंडमान एवं निकोबार द्वीप समूह | 2,195 | 26.24 | 9,567 | 122.38 | 11,762 | 148.62 |
| 17 | बिहार | 21,22,029 | 17,163.42 | 37,13,196 | 23,670.78 | 58,35,225 | 40,834.20 |

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 18 | झारखंड | 4,85,438 | 1,768.11 | 6,63,620 | 3,669.05 | 11,49,058 | 5,437.17 |
| 19 | ओडिशा | 42,20,048 | 17,981.35 | 17,09,016 | 12,417.10 | 59,29,064 | 30,398.44 |
| 20 | पश्चिम बंगाल | 28,00,284 | 13,620.37 | 41,31,898 | 41,229.05 | 69,32,182 | 54,849.42 |
| | **पूर्वी क्षेत्र** | **96,29,994** | **50,559.49** | **1,02,27,297** | **81,108.36** | **1,98,57,291** | **1,31,667.85** |
| 21 | छत्तीसगढ | 19,17,082 | 9,831.97 | 3,29,547 | 5,292.75 | 22,46,629 | 15,124.72 |
| 22 | मध्य प्रदेश | 62,84,120 | 41,870.75 | 14,80,075 | 20,625.84 | 77,64,195 | 62,496.59 |
| 23 | उत्तराखंड | 4,69,675 | 4,597.99 | 1,74,251 | 5,906.81 | 6,43,926 | 10,504.81 |
| 24 | उत्तर प्रदेश | 91,16,174 | 74,368.89 | 24,79,274 | 34,519.53 | 1,15,95,448 | 1,08,888.42 |
| | **केन्द्रीय क्षेत्र** | **1,77,87,051** | **1,30,669.61** | **44,63,147** | **66,344.93** | **2,22,50,198** | **1,97,014.54** |
| 25 | गोवा | 24,965 | 290.04 | 38,107 | 703.19 | 63,072 | 993.23 |
| 26 | गुजरात | 31,65,165 | 43,964.84 | 11,14,862 | 29,263.83 | 42,80,027 | 73,228.67 |
| 27 | महाराष्ट्र | 39,43,966 | 31,547.06 | 21,17,098 | 50,302.66 | 60,61,064 | 81,849.71 |
| 28 | दादरा एवं नगर हवेली संघ राज्य क्षेत्र | 613 | 11.46 | 1,131 | 100.13 | 1,744 | 111.60 |
| 29 | दमन और दीव संघ राज्य क्षेत्र | 668 | 11.54 | 621 | 11.50 | 1,289 | 23.04 |
| | **पश्चिमी क्षेत्र** | **71,35,377** | **75,824.95** | **32,71,819** | **80,381.31** | **1,04,07,196** | **1,56,206.26** |
| 30 | आंध्र प्रदेश | 1,07,42,180 | 93,380.35 | 26,88,090 | 43,398.08 | 1,34,30,270 | 1,36,778.43 |
| 31 | तेलंगाना | 46,43,884 | 32,930.32 | 9,29,262 | 30,452.45 | 55,73,146 | 63,382.77 |
| 32 | कर्नाटक | 52,09,767 | 44,476.75 | 53,13,954 | 43,903.08 | 1,05,23,721 | 88,379.82 |
| 33 | केरल | 71,64,124 | 62,224.51 | 23,82,810 | 35,195.61 | 95,46,934 | 97,420.12 |
| 34 | पुदुचेरी | 2,99,327 | 2,401.81 | 1,07,929 | 971.01 | 4,07,256 | 3,372.82 |
| 35 | तमिलनाडु | 1,85,15,962 | 1,45,213.20 | 60,28,369 | 77,534.37 | 2,45,44,331 | 2,22,747.57 |
| 36 | लक्षद्वीप संघ राज्य क्षेत्र | 251 | 1.55 | 465 | 3.46 | 716 | 5.01 |
| | **दक्षिणी क्षेत्र** | **4,65,75,495** | **3,80,628.48** | **1,74,50,879** | **2,31,458.06** | **6,40,26,374** | **6,12,086.54** |
| | **सकल योग** | **9,57,64,698** | **8,25,150.88** | **4,01,31,954** | **5,67,578.52** | **13,58,96,652** | **13,92,729.39** |

* डेटा स्रोत: बैंकों द्वारा नाबार्ड के ENSURE पोर्टल में प्रस्तुत किया गया डेटा।

सावधि ऋण पर डेटा में कृषि अवसंरचना और अनुषंगी कार्यकलापों के तहत संवितरण शामिल है।

**अनुबंध-II**

**संवितरण तिथि: 01/04/2020 से 31/03/2021 तक** **खातों की पूर्ण संख्या और करोड़ रुपये में धनराशि**

| क्र.सं. | राज्य/संघ राज्य क्षेत्र | कृषि ऋण संवितरण | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | फसल ऋण | | कुल सावधि ऋण | | कृषि के लिए कुल ऋण | |
| | | खातों की संख्या | धनराशि | खातों की संख्या | धनराशि | खातों की संख्या | धनराशि |
| 1 | दिल्ली | 19,010 | 479.47 | 49,049 | 13,761.49 | 68,059 | 14,240.96 |
| 2 | हरियाणा | 29,73,019 | 43,284.79 | 7,70,697 | 17,370.68 | 37,43,716 | 60,655.47 |
| 3 | हिमाचल प्रदेश | 6,40,903 | 6,021.86 | 1,34,268 | 1,454.50 | 7,75,171 | 7,476.36 |
| 4 | जम्मू और कश्मीर | 12,22,266 | 12,368.96 | 35,493 | 2,383.82 | 12,57,759 | 14,752.79 |
| 5 | पंजाब | 28,61,907 | 51,951.83 | 6,78,615 | 17,217.73 | 35,40,522 | 69,169.56 |
| 6 | राजस्थान | 74,86,651 | 75,099.53 | 20,12,733 | 26,396.71 | 94,99,384 | 1,01,496.24 |
| 7 | चंडीगढ़ संघ राज्य क्षेत्र | 3,957 | 141.65 | 42,158 | 1,019.11 | 46,115 | 1,160.76 |
| 8 | लद्दाख | 86,976 | 847.78 | 2,137 | 99.33 | 89,113 | 947.11 |
| | **उत्तरी क्षेत्र** | **1,52,94,689** | **1,90,195.89** | **37,25,150** | **79,703.36** | **1,90,19,839** | **2,69,899.25** |
| 9 | अरुणाचल प्रदेश | 36,957 | 60.20 | 1,529 | 25.40 | 38,486 | 85.60 |
| 10 | असम | 2,28,044 | 1,137.42 | 13,78,569 | 10,319.55 | 16,06,613 | 11,456.96 |
| 11 | मणिपुर | 7,966 | 71.48 | 21,201 | 229.50 | 29,167 | 300.98 |
| 12 | मेघालय | 32,532 | 188.86 | 5,806 | 62.48 | 38,338 | 251.34 |
| 13 | मिजोरम | 4,791 | 34.36 | 21,269 | 295.37 | 26,060 | 329.73 |
| 14 | नागालैंड | 36,411 | 158.13 | 8,438 | 80.85 | 44,849 | 238.98 |
| 15 | सिक्किम | 5,366 | 54.64 | 10,087 | 132.69 | 15,453 | 187.33 |
| 16 | त्रिपुरा | 73,236 | 313.55 | 4,74,205 | 3,337.22 | 5,47,441 | 3,650.77 |
| | **पूर्वोत्तर क्षेत्र** | **4,25,303** | **2,018.63** | **19,21,104** | **14,483.07** | **23,46,407** | **16,501.70** |
| 17 | अंडमान एवं निकोबार द्वीप समूह | 5,476 | 56.30 | 10,397 | 149.67 | 15,873 | 205.98 |
| 18 | बिहार | 23,55,668 | 19,883.50 | 42,84,892 | 27,097.40 | 66,40,560 | 46,980.90 |

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 19 | झारखंड | 9,87,828 | 3,224.07 | 8,20,434 | 3,792.34 | 18,08,262 | 7,016.41 |
| 20 | ओडिशा | 46,35,636 | 21,098.39 | 20,24,167 | 13,048.27 | 66,59,803 | 34,146.66 |
| 21 | पश्चिम बंगाल | 29,43,594 | 11,336.59 | 61,40,217 | 51,320.72 | 90,83,811 | 62,657.31 |
| | **पूर्वी क्षेत्र** | **1,09,28,202** | **55,598.85** | **1,32,80,107** | **95,408.40** | **2,42,08,309** | **1,51,007.25** |
| 22 | छतीसगढ | 20,16,828 | 11,721.10 | 4,33,725 | 7,006.49 | 24,50,553 | 18,727.59 |
| 23 | मध्य प्रदेश | 70,12,646 | 54,327.96 | 17,99,384 | 25,781.72 | 88,12,030 | 80,109.68 |
| 24 | उत्तराखंड | 4,84,403 | 4,735.73 | 2,41,993 | 4,912.32 | 7,26,396 | 9,648.05 |
| 25 | उत्तर प्रदेश | 90,05,685 | 81,769.64 | 30,92,513 | 32,853.79 | 1,20,98,198 | 1,14,623.42 |
| | **केन्द्रीय क्षेत्र** | **1,85,19,562** | **1,52,554.42** | **55,67,615** | **70,554.32** | **2,40,87,177** | **2,23,108.74** |
| 26 | गोवा | 35,190 | 441.63 | 40,598 | 932.83 | 75,788 | 1,374.46 |
| 27 | गुजरात | 33,54,262 | 53,754.86 | 11,72,767 | 31,179.24 | 45,27,029 | 84,934.10 |
| 28 | महाराष्ट्र | 69,48,404 | 47,719.27 | 22,70,697 | 50,420.35 | 92,19,101 | 98,139.62 |
| 29 | दादरा एवं नगर हवेली संघ राज्य क्षेत्र | 1,012 | 17.11 | 5,814 | 538.26 | 6,826 | 555.37 |
| 30 | दमन और दीव संघ राज्य क्षेत्र | 2,887 | 50.49 | 1,571 | 96.67 | 4,458 | 147.16 |
| | **पश्चिमी क्षेत्र** | **1,03,41,755** | **1,01,983.37** | **34,91,447** | **83,167.34** | **1,38,33,202** | **1,85,150.71** |
| 31 | आंध्र प्रदेश | 1,05,12,410 | 97,699.21 | 51,35,731 | 77,275.09 | 1,56,48,141 | 1,74,974.30 |
| 32 | तेलंगाना | 49,27,739 | 40,672.61 | 16,05,284 | 30,992.44 | 65,33,023 | 71,665.05 |
| 33 | कर्नाटक | 55,71,589 | 52,038.26 | 61,35,428 | 59,805.63 | 1,17,07,017 | 1,11,843.90 |
| 34 | केरल | 64,40,303 | 58,831.66 | 30,50,534 | 43,277.83 | 94,90,837 | 1,02,109.48 |
| 35 | पुदुचेरी | 2,71,964 | 2,583.74 | 1,48,039 | 2,251.63 | 4,20,003 | 4,835.36 |
| 36 | तमिलनाडु | 1,64,56,208 | 1,39,500.04 | 94,23,435 | 1,24,669.34 | 2,58,79,643 | 2,64,169.38 |
| 37 | लक्षद्वीप संघ राज्य क्षेत्र | 8,684 | 80.40 | 1,325 | 52.90 | 10,009 | 133.30 |
| | **दक्षिणी क्षेत्र** | **4,41,88,897** | **3,91,405.92** | **2,54,99,776** | **3,38,324.87** | **6,96,88,673** | **7,29,730.79** |
| | **सकल योग:** | **9,96,98,408** | **8,93,757.07** | **5,34,85,199** | **6,81,641.36** | **15,31,83,607** | **15,75,398.43** |

* डेटा स्रोत: बैंकों द्वारा नाबार्ड के ENSURE पोर्टल में प्रस्तुत किया गया डेटा।

सावधि ऋण पर डेटा में कृषि अवसंरचना और अनुषंगी कार्यकलापों के तहत संवितरण शामिल है।

**अनुबंध-III**

**संवितरण तिथि: 01/04/2021 से 31/03/2022 तक**

**खातों की पूर्ण संख्या और करोड़ रुपये में धनराशि**

| क्र.सं. | राज्य/संघ राज्य क्षेत्र | कृषि ऋण संवितरण | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | फसल ऋण | | कुल सावधि ऋण | | कृषि के लिए कुल ऋण | |
| | | खातों की संख्या | धनराशि | खातों की संख्या | धनराशि | खातों की संख्या | धनराशि |
| 1 | दिल्ली | 9,332 | 1,853.34 | 45,789 | 15,628.93 | 55,121 | 17,482.27 |
| 2 | हरियाणा | 29,10,988 | 45,926.61 | 5,95,507 | 17,526.28 | 35,06,495 | 63,452.90 |
| 3 | हिमाचल प्रदेश | 6,32,663 | 6,575.92 | 70,550 | 1,137.04 | 7,03,213 | 7,712.95 |
| 4 | जम्मू और कश्मीर | 12,72,956 | 10,968.31 | 26,779 | 3,013.80 | 12,99,735 | 13,982.11 |
| 5 | पंजाब | 28,59,823 | 52,595.77 | 7,66,698 | 17,033.88 | 36,26,521 | 69,629.65 |
| 6 | राजस्थान | 72,14,695 | 82,379.98 | 20,10,760 | 27,585.64 | 92,25,455 | 1,09,965.63 |
| 7 | चंडीगढ़ संघ राज्य क्षेत्र | 8,739 | 262.61 | 33,926 | 934.18 | 42,665 | 1,196.79 |
| 8 | लद्दाख | 51,797 | 328.69 | 165 | 2.99 | 51,962 | 331.68 |
| | **उत्तरी क्षेत्र** | **1,49,60,993** | **2,00,891.24** | **35,50,174** | **82,862.73** | **1,85,11,167** | **2,83,753.97** |
| 9 | अरुणाचल प्रदेश | 7,132 | 56.84 | 2,661 | 59.24 | 9,793 | 116.08 |
| 10 | असम | 2,15,804 | 1,693.60 | 11,00,400 | 7,043.52 | 13,16,204 | 8,737.12 |
| 11 | मणिपुर | 9,089 | 372.99 | 19,982 | 260.11 | 29,071 | 633.10 |
| 12 | मेघालय | 29,032 | 182.23 | 5,403 | 77.52 | 34,435 | 259.76 |
| 13 | मिजोरम | 6,138 | 50.66 | 17,490 | 245.02 | 23,628 | 295.69 |
| 14 | नागालैंड | 35,477 | 156.79 | 8,583 | 115.74 | 44,060 | 272.53 |
| 15 | सिक्किम | 5,719 | 73.77 | 8,742 | 130.99 | 14,461 | 204.76 |
| 16 | त्रिपुरा | 63,050 | 284.70 | 4,25,692 | 2,711.71 | 4,88,742 | 2,996.41 |
| | **पूर्वोत्तर क्षेत्र** | **3,71,440** | **2,871.59** | **15,88,954** | **10,643.86** | **19,60,394** | **13,515.45** |
| 17 | अंडमान एवं निकोबार द्वीप समूह | 7,342 | 144.92 | 8,575 | 147.16 | 15,917 | 292.08 |
| 18 | बिहार | 13,96,071 | 48,193.07 | 57,43,589 | 31,457.73 | 71,39,660 | 79,650.80 |
| 19 | झारखंड | 6,75,939 | 3,460.84 | 11,64,885 | 5,363.66 | 18,40,824 | 8,824.50 |

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 20 | ओडिशा | 32,35,048 | 17,646.19 | 28,63,448 | 16,989.05 | 60,98,496 | 34,635.23 |
| 21 | पश्चिम बंगाल | 27,08,461 | 15,825.25 | 58,99,354 | 44,762.98 | 86,07,815 | 60,588.23 |
| | **पूर्वी क्षेत्र** | **80,22,860** | **85,270.26** | **1,56,79,851** | **98,720.58** | **2,37,02,711** | **1,83,990.84** |
| 22 | छत्तीसगढ | 11,94,777 | 11,308.60 | 4,30,292 | 6,049.27 | 16,25,069 | 17,357.86 |
| 23 | मध्य प्रदेश | 68,01,780 | 61,331.24 | 17,80,172 | 24,627.50 | 85,81,952 | 85,958.73 |
| 24 | उत्तराखंड | 4,34,103 | 5,422.30 | 2,23,744 | 3,266.65 | 6,57,847 | 8,688.95 |
| 25 | उत्तर प्रदेश | 78,33,134 | 84,396.89 | 30,89,850 | 30,435.41 | 1,09,22,984 | 1,14,832.30 |
| | **केन्द्रीय क्षेत्र** | **1,62,63,794** | **1,62,459.03** | **55,24,058** | **64,378.82** | **2,17,87,852** | **2,26,837.85** |
| 26 | गोवा | 27,219 | 396.69 | 50,196 | 994.25 | 77,415 | 1,390.93 |
| 27 | गुजरात | 28,91,280 | 63,059.28 | 10,06,525 | 33,903.79 | 38,97,805 | 96,963.07 |
| 28 | महाराष्ट्र | 56,37,854 | 57,064.69 | 30,53,453 | 56,244.03 | 86,91,307 | 1,13,308.73 |
| 29 | दादरा एवं नगर हवेली संघ राज्य क्षेत्र | 1,363 | 33.77 | 1,758 | 33.66 | 3,121 | 67.43 |
| 30 | दमन और दीव संघ राज्य क्षेत्र | 754 | 18.77 | 1,461 | 42.39 | 2,215 | 61.17 |
| | **पश्चिमी क्षेत्र** | **85,58,469** | **1,20,573.21** | **41,13,393** | **91,218.12** | **1,26,71,862** | **2,11,791.33** |
| 31 | आंध्र प्रदेश | 72,99,523 | 1,02,931.97 | 61,05,849 | 89,038.29 | 1,34,05,372 | 1,91,970.26 |
| 32 | तेलंगाना | 39,18,536 | 47,167.28 | 16,48,658 | 35,434.69 | 55,67,194 | 82,601.97 |
| 33 | कर्नाटक | 69,79,954 | 69,001.30 | 59,59,513 | 62,625.16 | 1,29,39,467 | 1,31,626.46 |
| 34 | केरल | 43,39,441 | 58,354.17 | 27,67,577 | 43,181.51 | 71,07,018 | 1,01,535.68 |
| 35 | पुदुचेरी | 1,53,799 | 1,778.19 | 1,81,732 | 2,065.00 | 3,35,531 | 3,843.19 |
| 36 | तमिलनाडु | 1,28,64,963 | 1,69,991.76 | 72,43,597 | 1,08,418.45 | 2,01,08,560 | 2,78,410.21 |
| 37 | लक्षद्वीप संघ राज्य क्षेत्र | 1,273 | 9.03 | 843 | 7.29 | 2,116 | 16.32 |
| | **दक्षिणी क्षेत्र** | **3,55,57,490** | **4,49,233.70** | **2,39,07,769** | **3,40,770.39** | **5,94,65,259** | **7,90,004.09** |
| | **सकल योग:** | **8,37,35,047** | **10,21,299.04** | **5,43,64,199** | **6,88,594.50** | **13,80,99,246** | **17,09,893.54** |

* डेटा स्रोत: बैंकों द्वारा नाबार्ड के ENSURE पोर्टल में प्रस्तुत किया गया डेटा। दिनांकित रिपोर्ट।

सावधि ऋण पर डेटा में कृषि अवसंरचना और अनुषंगी कार्यकलापों के तहत संवितरण शामिल है।

*****